तेरा सेवक आया है

दुखों ने घेर लिया प्रेमी तेरा घबराया है,
दे दे मोरछड़ी का झाड़ा तेरा सेवक आया है....

तेरी मोरछड़ी से बाबा खुलता किस्मत का ताला,
और जिस पर फिर जाए उसका हर संकट टाला,
हर डूबी हुई नैया को तुमने पार लगाया है,
देदे मोरछड़ी का झाड़ा तेरा सेवक आया है.....

इस कलयुग में अब बाबा तेरे नाम का डंका बाजे रे,
अब तीनो लोक में बाबा नीले पे तू ही साजे रे,
तुम शीश के दानी बाबा लखदातार कहाया है,
देदे मोरछड़ी का झाड़ा तेरा सेवक आया है....

इस हारे हुए को बाबा तेरे नाम ने मुझको संभाला,
जिसने निशान उठाया उसका बना रखवाला,
अब इस राधे को राधे बाबा तुमने बनाया है,
देदे मोरछड़ी का झाड़ा तेरा सेवक आया है.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26275/title/tera-sewak-aaya-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |